प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर देश मना रहा जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा के बलिदान को कर रहा नमन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–जनजातीय गौरव दिवस आदिवासियों के साथ इतिहास में हुए अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास, केन्द्र सरकार जनजातीय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
- झारखंड राज्य स्थापना दिवस आज, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं।
- 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की आज धुआंधार सभाएं।
- राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक 2 अरब 13 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त ।

*******************

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि देश सही मायने तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान बिरसा ने मातृभूमि की आन–बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जन्म–जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के पावन अवसर पर कोटि–कोटि नमन।

राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की । राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए उनकी कुर्बानी शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को जनजातीय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आदिवासी समाज के वीरों की कुबार्नी को याद किया। बिहार के जमुई में आज जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस मनाने का उद्देश्य इतिहास में आदिवासी समाज के साथ हुए अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार आदिवासी समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 6 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

*******************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानतम नायकों में से एक हैं। श्री शाह ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज नई दिल्ली के बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय सदैव भगवान बिरसा मुंडा का आभारी रहेगा।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, वीर सिद्धो–कान्हू, चांद–भैरव, तिलका मांझी और नीलांबर–पीतांबर जैसे नायकों ने झारखंड की धरती को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर राज्य है और यहां के लोगों ने देश की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड की धरती आदिवासी समाज के संघर्ष और बलिदान से सिंचित है, जिसने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कामना किया है कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह राज्य तीव्र गति से प्रगति करे।

*******************

राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आज का दिन हमारे लिए विशेष है – धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध संस्कृति, जनजातीय, मूलवासी विरासत और प्राकृतिक संपदा हमारी पहचान है, हमारा गौरव है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड में 20 नवंबर को दूसरे चरण को होने वाले चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गोड्डा में चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन सत्ता में आयी तो सारे वायदे पूरे किये जाएंगे।
श्री गांधी इसके बाद बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद के टुंडी रांची के धुर्वा और गोंड्डा में तीन सभाओ को संबोधित करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नाला, बोरियो और पौडैया हाट में चुनाव प्रचार करेंगे। वरिष्ठ राजद नेता और बिहार के पूर्व उप–मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव देवघर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। आजसू और वामपंथी दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी रैलियां और रोड शो करेंगे।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया है। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के घुसपैठियों को साढ़े चार सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया।
इधर झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। बोकारो जिले में एक चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि सबसे अधिक समय सत्ता में रहने वाली भाजपा को बताना चाहिए वो राज्य के लोगों के लिए कितनी योजनाएं लाई है ?

*******************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 2 अरब 13 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी  के रवि कुमार ने यह जानकारी दी।

*************